आकाशवाणी शिमला

30.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## बजट पूर्व बैठक

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट–2025–26 के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्रीय बजट पहली फरवरी 2025 को संसद में पेश किये जाने की आशा है। यह वित्तमंत्री सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा।

## किसान बंद

पंजाब में किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर कई जगहों पर किए गए बंद के कारण आज जनजीवन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर रेल और सड़क यातायात बाधित रहा और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। किसानों ने कई सड़कों पर धरना दिया, जिससे यातायात पर असर पड़ा। ये बंद आज सुबह से लेकर शाम 4 बजे तक जारी रहा। हिमाचल से पंजाब जाने वाले रूटों पर आज परिवहन निगम की बस सेवा स्थगित रही। निगम के प्रबंध निदेशक ने बताया कि किसान बंद के बाद बसों का संचालन सामान्य रूप से होगा।

## लखनपाल

बड़सर से भाजपा विधायक इन्द्रदत लखनपाल ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। हमीरपुर में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश के भाजपा विधायकों व पूर्व विधायकों ने हाल ही में नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की है और इस दौरान अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। लखनपाल ने कहा कि वे भाजपा के कार्यकर्ता हैं और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करना कोई बुरी बात नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को कर्मचारियों को वेतन देन के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है और विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है।

## सांसद खेल

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अगले वर्ष होने वाले सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे चरण को लेकर 5 जनवरी तक पंजीकरण किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा इस महाकुंभ का आयोजन पिछले लगभग 6 वर्षों से किया जा रहा है और अभी तक इसमें लाखों खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं। इस खेल महाकुंभ के तहत वर्ष 2025 में कबड्डी, क्रिकेट और वॉलीबाल सहित कई खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। भाजपा उपाध्यक्ष उषा बिरला ने सभी इच्छुक युवाओं से सांसद खेल महाकुंभ के लिए पंजीकरण करवाने का आहवान किया है।

## रक्तदान शिविर

समाजसेवी संस्था उमंग फांउडेशन द्वारा नव वर्ष पर पहली जनवरी को शिमला के एतिहासिक रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अजय श्रीवास्ताव ने बताया कि ये रक्तदान शिविर पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की स्मृति में लगाया जा रहा है। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, विधायक हरीश जनारथा और पदमश्री डॉक्टर उमेश भारती भी इस मौके विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। अजय श्रीवास्तव ने सभी लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेकर इस पुनीत कार्य में भागीदार बनने का आहवान किया है।

## शौचालय शुल्क

नगर निगम शिमला ने नये साल से शहर में शौचालय के इस्तेमाल पर महिलाओं की तर्ज पर पुरूषों से भी शौचालय शुल्क लेने का निर्णय लिया है। नगर निगम महापौर सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि ये शुल्क शहर के 30 सार्वजनिक शौचालयों में लिया जाएगा जहां लोगों की भीड़ ज्यादा रहती है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों और व्यापारियों के कार्ड बनाकर उनसे निर्धारित मासिक शुल्क वसूला जाएगा जबकि आम लोगों से महिलाओं के समान ही शुल्क वसूला जाएगा।

समाप्त